हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, बुधवार,24 जनवरी 2024


तापमान
अधिकतम 13.0 डिग्री
न्यूनतम 6.0 डिग्री


14 पुलिस लाइन में होगी फुल ड्रेस रिहर्सल





14 प्रदेश के ढाई करोड़ लोगों के पास आयुष्मान कार्ड का सुरक्षा कवच




## खबर संक्षेप

### 34 भारी वाहनों के किए चालान

**अंबाला।** गलत लेन में वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई निरंतर जारी है। मंगलवार का पुलिस ने नियम तोड़ने वाले 34 भारी वाहनों के चालान किए। अब तक बीते 615 दिनों में पुलिस 30,068 भारी वाहनों के चालान कर चुकी है। ऐसे वाहन चालकों की लापरवाही से हादसों में इजाफा हो रहा है। इसी वजह से अब पुलिस भारी वाहनों चालकों पर शिकंजा कस रही है।

### नशा तस्करी में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** सीआईए-1 ने चूरापोस्त तस्करी में आरोपी सुनील को प्रोडक्शन वारंट के जरिए काबू किया है । उसके कब्जे से पुलिस ने 2 क्विंटल 37 किलोग्राम डोडा चूरापोस्त जब्त किया था। पुलिस ने अब आरोपी को 7 दिन के रिमांड पर लिया है। इस मामले में पहले एक आरोपी गिरफ्तार हो चुका है। आरोपी ने पूछताछ के दौरान बतलाया कि सुनील भी इस मामले में संलिप्त है। 12 जनवरी 2024 को पुलिस ने सूचना के आधार पर भारी मात्रा में चूरापोस्त जब्त किया था। था।

### वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार

**अंबाला ।** थाना बलदेव नगर में दर्ज मामले में वांछित आरोपी पार्थ कुमार को काबू किया है। अदालत ने आरोपी को पीओ घोषित किया था। दरअसल आरोपी पहले दर्ज केस की सुनवाई में शामिल नहीं हो रहा था। इसी वजह से उसे पीओ घोषित किया था। अब अदालत ने आरोपी को जेल भेजने के आदेश जारी कर दिए हैं।

### विवाहिता को घर से निकाला, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत की गोपाल कालोनी निवासी विवाहिता की शिकायत पर थाना पुराना औद्योगिक पुलिस ने उसके पति बिंद्र व सास सुरेश निवासी गांव पसीना कलां जिला पानीपत के खिलाफ दहेज एक्ट, मारपीट आदि आरोपों में केस दर्ज करवाया है। विवाहिता का आरोप है कि पति व सास ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पाकिस्तान जाने वाले श्रद्धालुओं से आवेदन मांगें

**पानीपत।** गुरु अर्जुन देव के शहीदी दिवस और महाराजा रणजीत सिंह की पुण्यतिथि पर जून में पाकिस्तान में स्थित गुरुद्वारा में जाने के लिए भारतीय श्रद्धालुओं/जत्थों से भारत सरकार द्वारा आवेदन मांगे गए हैं। आवेदनकर्ता राज्य सरकार को इसके लिए आगामी 15 अप्रैल तक राज्य सरकार द्वारा जारी प्रोफार्मा भरकर आवेदन कर सकते हैं।

### कष्ट निवारण समिति की बैठक 31 को

**यमुनानगर।** जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक 31 जनवरी को आयोजित की जाएगी। जिसकी अध्यक्षता हरियाणा की महिला एवं बाल विकास विभाग की मंत्री कमलेश ढ़ांडा करेंगी।

# कड़ाके की ठंड का कहर जारी, जनजीवन बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

मौसम में बनी पिछले एक महीने से कड़ाके का ठंड का कहर जिले में बादस्तूर जारी है। मंगलवार को भी दिन भर आसमान में धुंध के बादल छाए रहे और सुबह के वक्त घना कोहरा छाए रहने व शीतलहर चलने से लोग घरों में दुबके रहे। वहीं, दोपहर तक वाहनों की रफ्तार धीमी रही और तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई।

- सुबह घना कोहरा छाए रहने से वाहनों की रफ्तार रही कम

मंगलवार को तड़के तीन बजे से ही जिले में शीतलहर और घना कोहरा का प्रकोप बढ़ने लगा था। आलम यह था कि सड़कों पर सुबह दस बजे तक घना कोहरा छाया रहा। जिसमें लोगों को चार फुट की दूरी पर भी वाहन व अन्य कोई वस्तू दिखाई नहीं दी। वाहन चालक लाइटें जलाकर सड़कों से गुजरने पर मजबूर थे। सुबह करीब ग्यारह बजे के बाद घना कोहरा तो कम हो गया। मगर दिन भर आसमान में धुंध के बादल छाए रहे और शीतलहर चलती रही। जिससे लोगों के कामधंधे प्रभावित रहे।



यमुनानगर। मंगलवार को घने कोहरे में सड़कों पर लाइटें जलाकर गंतव्य पर पहुंचते वाहन ।

### महीने भर से नहीं खिली अच्छी धूप

मॉडल टाऊन निवासी कमल, अमित सैनी, विशाल व संजय का कहना है कि इस बार पिछले एक महीने से अब तक एक भी दिन अच्छी धूप नहीं खिली है। गत 26 दिसंबर से लेकर अब तक आसमान में जहां रोजाना धुंध के बादल छाए रहते हैं, वहीं, सुबह के वक्त घना कोहरा व शीतलहर ने लोगों का जीना हराम कर रखा है। लोग ठंड में ठिठूरते हुए अपने काम धंधे निपटाने को मजबूर हैं।

### तापमान में आई गिरावट

जिले में मंगलवार को घना कोहरा छाए रहने व शीतलहर चलने से तापमान गिरकर अधिकतम 14 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 5 डिग्री सेल्सियस रह गया। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो अगले दो तीन दिन तक तापमान में गिरावट होने की संभावना है।

## ठंड का सितम जारी, अलाव का लोग ले रहे सहारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला में मंगलवार को भी ठंड का सितम जारी रहा। शीतलहर के कारण हर कोई ठंड से बचने के उपाय ढूंढता दिखाई दिया। ठंड से बचने के लिए ज्यादातर दुकानदारों ने अलावा जलाया। शीतलहर बेजुबान पशुओं पर भी भारी पड़ रही है। सड़कों पर घूम रहे गोवंश के लिए यह ठंड खतरा साबित हो सकती है। धूप न निकलने से सर्दी बढ़ गई है। कड़ाके की ठंड से हर कोई परेशान है। दिन के समय शीतलहर चलने के कारण ठंड अधिक हो रही है। मंगलवार को सुबह के समय हल्की धुंध थी। बाद में कोहरा छंट गया। बादल छाने के कारण दिनभर धूप नहीं निकली। सुबह से लेकर शाम तक ठंडी हवा चलने के कारण अधिकतर लोग अपने घरों के अंदर ही दुबके रहे। ठंड के चलते जन जीवन प्रभावित हो रहा है। सडकों के किनारे कई स्थानों पर लोग अलाव से हाथ सेंककर ठंड से बचाव करते नजर आए।

- शीतलहर बेजुबान पशुओं पर भी भारी पड़ रही



कुरुक्षेत्र। सुबह आसमान में छाई धुंध व अपने गंतव्य की ओर जाते वाहन चालक।

### सब्जियों को नुकसान होने की संभावना

किसानों का कहना है कि एक बार फिर से ठंडक बढ़ गई है। जिससे सब्जियों में थोड़ी गलन बढने लगी है। यदि कई दिनों तक धूप नहीं निकली तो सब्जियों को नुकसान होने की संभावना है। वही सर्दी के चलते खांसी, जुकाम व सामान्य बुखार के मरीज बढ़ने लगे है। अधिकतम तापमान 13 व न्यूनतम तापमान 5 डिग्री दर्ज किया गया है। धुंध व शीत हवाओं के चलने से ठंड बढ़ गई है। ठंड के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर छोटे-छोटे बच्चों के लिए ठंड में स्कूल तक का सफर करने में बच्चे ठिठुरते नजर आए। लोगों को कहना है कि ठंड के कारण जीना मुश्किल हो गया है। वहीं नगर के पार्को व बाजारों से रौनक घट गई है। बाजारों में इक्का-दुक्का लोग ही खरीदारी को लेकर आ रहे हैं। वहीं पार्क खाली-खाली से नजर आ रहे हैं। ठंड के कारण लोगों को घरों में दुबकने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। शीत हवाओं व धुंध के कारण लोगों को सफर करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# मुख्यमंत्री आठ फरवरी को अयोध्या जाएंगे

## चंडीगढ़ से जन शताब्दी एक्सप्रेस के माध्यम से पानीपत पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

मुख्यमंत्री मनोहरलाल मंगलवार को चंडीगढ़ से जन शताब्दी एक्सप्रेस के माध्यम से पानीपत पहुंचे। पानीपत स्टेशन पर पहुंचने पर जिला प्रशासन की ओर से उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने मुख्यमंत्री का बुके देकर स्वागत किया। भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने भी पानीपत के रेलवे स्टेशन पर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री मनोहरलाल पानीपत सड़क के माध्यम से रोहतक के लिए रवाना हुए। इससे पहले मुख्यमंत्री लाल रेलवे के गेस्ट हाउस में पहुंचे और वहां जलपान किया। मीडिया से संक्षिप्त बातचीत में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि आठ फरवरी को वे अध्योध्या में श्री रामलला के दर्शन करने जाएंगे।

- सीएम मनोहरलाल पानीपत सड़क के माध्यम से रोहतक के लिए रवाना हुए



पानीपत रेलवे स्टेशन पर पहुंचे मुख्यमंत्री मनोहर लाल, साथ में भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट। फोटो : हरिभूमि

# रोडवेज कर्मी मांगों को लेकर आज करेंगे चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चे के आह्वान पर 24 जनवरी की सांकेतिक हड़ताल की तैयारी के लिए वर्कशॉप गेट पर बैठक की गई। राज्य मोर्चा सदस्य जयबीर घणघस, इंद्र सिंह बधाना, कृष्ण न्यारा,माया राम ने कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए बताया कि सांझे मोर्चे प्रतिनिधिमंडल की परिवहन मंत्री व उच्च अधिकारियो के साथ 11 जनवरी, 10 मार्च, 23 जून व 13 दिसम्बर को चार दौर की बातचीत हो चुकी हैं। सरकार कर्मचारियों की मांगों को जायज मानती हैं जिन्हें शीघ्र लागू करने का आश्वासन देती रही हैं परंतु मानी गई मांगो के परिपत्र जारी नही कर रही हैं। जिससे कर्मचारियों की कार्यशैली व वादाखिलाफी के खिलाफ रोष है। सरकार मानी गई मांगों को लागू न करके कर्मचारियों को हड़ताल जैसे आंदोलन करने को मजबूर कर रही हैं। सरकार समय रहते मानी गई मांगों के परिपत्र जारी करे अन्यथा सांझा मोर्चा सांकेतिक हड़ताल आगे बढ़ने पर विवश होगा। सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार समय रहते मानी गई मांगो के परिपत्र जारी करे अन्यथा सांकेतिक को आगे भी बढ़ाया जा सकता हैं।

- मानी गई मांगों का परिपत्र जारी नहीं करने पर आदोलन की चेतावनी



कुरुक्षेत्र। रोडवेज कर्मियों को संबोधित करते यूनियन नेता। फोटो : हरिभूमि

**ये है मांगें:** मुख्य मांगों में हिट एंड रन भारतीय न्याय सहिता काले कानून को तुरंत वापिस लिया जाए, 265 मार्गो पर असिमत परमिट पॉलिसी को वापिस लेकर रोडवेज बेड़े में नई बसे खरीदी जाए,परिचालक,चालक, लिपिकों की वेतन विसंगति दूर की जाए,देय अवकाश कटौती पत्र वापिस लिया जाए,बसों के मरमत कार्य कम्पनी को न दिया जाए, 2016 में भर्ती हुए चालको सहित दादरी डिपो के 52 हेल्परो को पॉलिसी बना कर पक्का किया जाए,2002 में भर्ती हुए चालको को नियुक्ति से पक्का करके इन्हें पुरानी पेंशन योजना में शामिल किया जाए,28/10/2005 से पहले भर्ती प्रकिया के तहत भर्ती होने वाले कर्मचारियों को सरकार के आदेशों अनुसार पुरानी पेंशन योजना में शामिल किया जाए, ग्रुप डी के कर्मचारियों को कॉमन कडर से बहार करके तकनीकी पदों पर प्रमोशन की जाए, बकाया कई वर्षों के बोनस का भुगतान किया जाए,तकनीकि वेतनमान से वंचित कर्मचारियों को तकनीकी वेतन मान दिया जाए।

# सूने घर से 90 हजार की नकदी समेत आभूषण चोरी

यमुनानगर। शहर की कुलदीप नगर कॉलोनी से चोरों ने सूने घर का ताला तोड़कर 90 हजार रुपये की नकदी तथा लाखों रुपये के सोने व चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। घटना के समय परिवार के सदस्य वैष्णो देवी माथा टेकने के लिए गए हुए थे। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रविकांत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह घर पर ही ज्वैलरी बनाने का काम करता है। 19 जनवरी को वह घर का ताला लगाकर परिवार के साथ वैष्णो देवी मंदिर में माथा टेकने के लिए गया था। वह वह देर शाम वापस लौटे तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। घर में रखी दो अलमारियों के ताले व लॉकर टूटे हुए थे। जांच करने पर अलमारी में रखी दो सोने की चेन, एक जोड़ी झुमकी, चार जोड़ी टोपस, सोने की चार अंगूठियां, एक मंगलसूत्र, एक पैंडल, आठ जोड़ी पायल, 90 हजार रुपये तथा चांदी की स्क्रैप गायब मिली। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी।

# प्रतिबंधित डेढ़ लाख टैबलेट के साथ युवक काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने शहर की बैंक कॉलोनी से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से प्रतिबंधित करीब डेढ़ लाख टेबलेट बरामद की है। आरोपी अपने दो साथियों के साथ मिलकर प्रतिबंधित दवाईयों का धंधा करता था। जानकारी के अनुसार सेल के इंचार्ज बलराज सिंह ने बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली थी कि बैंक कालोनी में किराये के मकान में रह रहे युवक नशे में प्रयोग होने वाली प्रतिबंधित दवाइयों की सप्लाई करते हैं। इस सूचना पर टीम ने छापेमारी की। मकान से हिमांशु को पकड़ा गया। वहां से डेढ़ लाख टेबलेट बरामद हुई। पूछताछ में पता लगा कि आरोपी अपने साथी लालद्वारा निवासी साहिल व अंबाला निवासी प्रशांत के साथ मिलकर नशे का अवैध रूप से धंधा कर रहा था। वह तीनों एक मकान में रहते हैं।

- आरोपी दो साथियों के साथ मिलकर करता था प्रतिबंधित दवाइयों का धंधा



यमुनानगर की एंटी नारकोटिक्स सेल द्वारा पकड़ा गया आरोपी युवक ।

### नशातस्करों पर की जा रही है लगातार कार्रवाई

एएसपी हिमांद्री कौशिक ने बताया कि नशा तस्करी करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। दो दिन में लगभग तीन लाख प्रतिबंधित दवाइयों के साथ आरोपितों को पकड़ा जा चुका है। इन दवाईयों की कीमत लगभग 15 लाख है।



# कपड़ा बेचने के बहाने से घर पर आए दो लोगों ने उड़ाए 25 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव तेजली निवासी सुंदर नगर फेस टू से घर पर कपड़ा बेचने के बहाने से आए दो लोगों ने 25 हजार रुपये चोरी कर लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसा सुंदर नगर निवासी सिकंद्र खान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 20 जनवरी को उसके पत्नी जिन्नत खातुन घर पर अकेली थी। इस दौरान दो लोग कपड़ा बेचने के लिए उसके घर पर आए। आरोपी उसकी पत्नी को कपड़ा खरीदने के लिए कहने लगे। उसकी पत्नी ने आरोपियों को कपड़ा खरीदने से मना कर दिया और पड़ोस में चली गई। कुछ देर बाद जब उसकी पत्नी वापस आई तो घर में रखी पेटी खुली पड़ी थी। जांच करने पर पेटी में रखे 25 हजार रुपये गायब थे। उसकी पत्नी ने उसे फोन कर घटना के बारे में बताया। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

- पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ किया केस दर्ज

## सुगम होगा मार्ग

### पानीपत से छाजपुर रोड होगी चार लेन, एचएसआरडीसी निर्माण करेगा

## खस्ता हालत में पड़े मार्ग का होगा कालाकल्प

# सीएम आज वर्चुअल शुभारंभ करेंगे, 75 करोड़ आएगी लागत, सनौली रोड पर सुधरेगी ट्रैफिक व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत शहर के सबसे व्यस्ततम मार्ग सनौली रोड की कागजी कार्यवाही पूर्ण होने के बाद लगभग 75 करोड़ की लागत से निर्माण कार्य कराया जाएगा। वही मुख्यमंत्री मनोहर लाल, सांसद संजय भाटिया और विधायक प्रमोद कुमार विज के ड्रीम प्रोजेक्ट सनौली रोड के निर्माण कार्य का शुभारंभ वर्चुअल माध्यम से करेंगे। लम्बे समय से खस्ता हालत में पड़े इस मार्ग का निर्माण कार्य मुख्यमंत्री मनोहर लाल के शिलान्यास करने के उपरांत चालू किया जाएगा। एचएसआरडीसी फोर लेनिंग का काम करेगा। वही 75 करोड़ की लागत से होने जा रहे इस राज मार्ग का लाभ शहर वासियों को तो मिलेगा ही साथ में उत्तर प्रदेश, हरिद्वार व उत्तराखंड के अन्य शहरों में जाने वाले लोगों को एक सुगम मार्ग मिलेगा।

- उत्तर प्रदेश, हरिद्वार व उत्तराखंड के अन्य शहरों में जाने वाले लोगों को एक सुगम मार्ग मिलेगा



पानीपत। मुख्यमंत्री मनोहर के साथ विधायक प्रमोद विज का फाइल फोटो।

### व्यापारियों के व्यापार में सुधार आएगा

मार्ग के बन जाने से शहरवासियों को आवागमन में आसानी होगी एवं समय की बचत होगी। वहीं इस मार्ग पर निर्भर व्यापारियों का व्यापार सड़क टूटी होने से प्रभावित था, अब मार्ग के बन जाने से व्यापारियों के व्यापार में भी सुधार आएगा। विधायक प्रमोद विज ने बताया कि पानीपत के वंदेमातरम चौक से गांव कुराड़ तक 11 किलोमीटर राजमार्ग बनेगा। इस राजमार्ग के बनने से आवागमन और अधिक आसान हो जाएगा और सनौली मार्ग जाम मुक्त हो जाएगा। सडक के निर्माण कार्य के पश्चात मार्ग के सौंदर्यीकरण के लिए फैंसी लाइट्स लगाई जाएगी और पौधे रोपे जाएंगे।

# बिजली मंत्री की वादाखिलाफी के विरोध में कर्मियों ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

ऑल हरियाणा पॉवर कार्पोरेशन वर्कर यूनियन की राज्य कमेटी के आह्वान पर राजीव गांधी विद्युत सदन सेक्टर 12 में बिजली मंत्री की वादाखिलाफी के विरोध में धरना देकर अधीक्षक अभियंता के माध्यम से बिजली मंत्री के नाम ज्ञापन भेजा गया। धरने की अध्यक्षता सर्कल सचिव विशाल बनवाला ने की और संचालन सर्कल सचिव राजेंद्र राणा ने किया। सर्कल चेयरमैन एनपी सिंह चौहान व सर्कल सचिव राजेंद्र राणा और विशाल बनवाला ने कहा कि 10 अक्टूबर 2023 को बिजली मंत्री के साथ यूनियन की वार्ता हुई थी। बिजली मंत्री ने कई मांगों पर सहमति प्रकट करते हुए लागू करने की बात कही थी। खेद का विषय है कि कोई भी मांग धरातल पर लागू नहीं हुई। यदि सरकार ने समय रहते कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं किया तो आने वाली चार फरवरी को सर्व कर्मचार संघ की आक्रोश रैली में बिजली के सभी कच्चे व पक्के कर्मचारी भाग लेंगे। इस अवसर पर प्रधान यूनिट नंबर एक नरेश मेहला, सचिव यूनिट नंबर दो जय कुमार, असंध यूनिट प्रधान महेंद्र पाल, सिटी यूनिट प्रधान अजीत सैनी, सचिव रमेश शर्मा, संजीव मलिक, शिटी कांबोज, कमलजीत, सुरेंद्र कांबोज, मांगेराम, गुरविंद्र सिंह, रामतेज, विनोद, रोहित पुनिया, महाबीर सिंह, डिंपल, पवन, मनोहर लाल, संदीप शर्मा आदि मौजूद रहे।



धरनार्थियों को संबोधित करते वक्ता। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप



### सारथी फाउंडेशन ने लगाया रक्तदान शिविर

**कुरुक्षेत्र।** राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर सारथी फाऊंडेशन ने कुरूक्षेत्र ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम में अतिथि ललित कुमार ने कहा कि सभी लोग धार्मिक तरीकों से इस उत्सव को मना रहे हैं लेकिन सारथी फाऊंडेशन के सदस्यों ने रक्तदान शिविर लगा कर समाज को प्रेरणा देने का काम किया है। हमें अपने उत्सवों को धार्मिक तरीकों के साथ सामाजिक रूप में भी मनाना चाहिए।



### जयंती पर नेताजी को दी भावभीनी श्रद्धाजलि

**कुरुक्षेत्र।** पिपली रोड स्थित कुरुक्षेत्रा फायर एंड सेफ्टी संस्थान में संस्थान के छात्रों व कुरुक्षेत्र जिला की सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस को माला अर्पण कर 127वीं जयंती मनाई। मुख्य अतिथि गुरनाम सैनी प्रधान सैनी सभा कुरुक्षेत्र ने कहा कि सुभाष चन्द्र बोस भारत के स्वतंत्रता संग्राम के सबसे बड़े नेता थे। देश के लिए उनके द्वारा दिए गए बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा।



### 4 फरवरी को होने वाली रैली का दिया न्योता

**कुरुक्षेत्र।** सर्व कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र की टीम आक्रोश रैली की तैयारियों को लेकर विभागों में जाकर कर्मचारियों से मिटिंग कर 4 फरवरी की आक्रोश रैली का न्योता दिया। टीम में ओमप्रकाश जिला प्रधान सर्व कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र, जितेंद्र बंसल जिला प्रधान रिटायर कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र, रावल गुप्ता जिला कैशियर सर्व कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र व महेंद्र वर्मा बिजली यूनियन नेता मौजूद रहे। ओमप्रकाश व जितेंद्र बंसल ने आक्रोश रैली की सफलता को लेकर विस्तार से चर्चा की।

## विद्यार्थियों को देश भक्ति का पाठ पढ़ते हुए नेताजी सुभाष चंद्र बोस का बलिदान बताया

# नेताजी की जयंती पर समूहगान प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

जयंती पर विद्यार्थियों ने देश भक्ति के गीतों से वातावरण को राष्ट्र प्रेम के रंग में रंग दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



आज़ाद हिन्द फौज़ के कमांडर इन चीफ व जंग ए आज़ादी के महानायक नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर आज करनाल के विद्यार्थियों ने देश भक्ति के गीतों से वातावरण को राष्ट्र प्रेम के रंग में रंग दिया। अवसर था नेशनल इंटीग्रेटेड फ़ोरम ऑफ़ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्ट्स (निफ़ा) द्वारा विगत लगभग दो माह से चल रहे अभियान "देश की बात" के अंतर्गत "समूह गान प्रतियोगिता" का। निफा द्वारा ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान सेक्टर 7, सहोदय स्कूल काम्प्लेक्स, जेनेसिस क्लासेस व कानन इंटरनेशनल के सहयोग से आज नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाते हुए देश भक्ति पर आधारित समूह गान प्रतियोगिता करवाई गई जिसमे करनाल के कुल 11 विद्यालयों की टीमों ने भाग लिये। ब्रह्माकुमारीज प्रेम बहन ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आगाज़ किया। उनके साथ निफा संरक्षक लाजपत राय चौधरी, निफा के संस्थापक अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह पन्नु, संयोजक एडवोकेट नरेश बराना, डॉ कृष्ण अरोड़ा, महेश शर्मा, चन्द्र मेहता, निफा ज़िला सचिव हितेश गुप्ता सहित विभिन्न विद्यालयों से आये संगीत अध्यापक भी डीप प्रज्वलन में शामिल हुए। राज्य अध्यक्ष श्रवण शर्मा, विद्यार्थियों ने अपनी मधुर आवाज़ में एक के बाद एक शानदार गीत गए जिनमें, सलाम उन शहीदों को जो खो गए, वतन को जगाकर जो ख़ुद सो गये, भारत माँ की संतानें हम शीश झुकाना न जाने, भारत वन्दे मातरम,जय भारत वन्दे मातरम, जैसे देश भक्ति से परिपूर्ण गीत गाये गये। निर्णायक मंडल के तौर पर प्रसिद्ध संगीत गुरु डॉ कृष्ण अरोड़ा, चन्द्र मेहता व महेश शर्मा ने सुर, ताल के आधार पर अपना निर्णय देते हुए माउंट लिटरा ज़ी स्कूल की टीम को प्रथम स्थान प्रदान किया। टीम द्वारा गाये गये गीत, "आओ हम सब गायें इस देश के तराने" को खूब पसंद किया गया। वहीं दूसरे स्थान पर दयाल सिंह पब्लिक स्कूल जुंडला की टीम रही। तीसरे स्थान पर संत निक्का सिंह पब्लिक स्कूल ज़रीफ़ा फ़ार्म व आइंस्टाइन वर्ल्ड स्कूल नीलोखेड़ी की टीम को संयुक्त रूप से घोषित किया गया। इसी प्रकार दिल्ली पब्लिक स्कूल व ओ पी एस विद्या मंदिर सेक्टर 13 की टीमों को विशेष सम्मान दिया गया। आयोजन के कुशल प्रबंधन में निफा के ज़िला सचिव हितेश गुप्ता, शहरी प्रधान मनिंदर सिंह, ज़िला कार्यकारिणी से सतिंदर मोहन गांधी, जगतार सिंह व ब्रह्माकुमारी बहन भाइयों का विशेष योगदान रहा।

### तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा का



**करनाल।** डीएवी पीजी कॉलेज में एनएसएस प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आजाद हिंद फौज के संस्थापक एवं महान स्वतंत्रता सेनानी की सुभाष चंद्र बोस की 127वीं जयंती पर कॉलेज प्राचार्य डॉ रामपाल सैनी ने उनकी तस्वीर पर भावपूर्ण पुष्पांजलि अर्पित करते हुए नमन किया। प्राचार्य डॉ रामपाल सैनी ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि नेता जी सुभाष चन्द्र बोस, आजादी के वीर योद्धा को हम कभी नही भूल सकते। प्राचार्य डॉ रामपाल सैनी ने एनएसएस स्वंयसेवको को संबोधित करते हुए कहा कि एनएसएस के साथ कार्य करने से विद्यार्थियों में अनुशासन, समाजसेवा,राष्ट्रप्रेम,भाईचारे की भावना का विकास होता है। आज विद्यार्थियों को सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पित रहने का संकल्प लेना चाहिए। इस मौके पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ बलराम शर्मा, सभी एनएसएस स्वयं सेवकों सहित व अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद थे ।



तरावड़ी। कार्यक्रम मे भाग लेते स्कूल कमेटी के गणमान्य लोग व सदस्य।

### श्रीराम जी के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में यज्ञ

**तरावड़ी।** ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल में श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की खुशी में यज्ञ करवाया गया। जिसमें विद्यालय की प्रबंधक कमेटी सदस्य डॉ राधेश्याम शर्मा, प्रवीण डाबरा, राजेंद्र गोलन , डॉ राजन लांबा , ऋषि राज लांबा स्कूल प्रधानाचार्या श्रीमती गुरविंदर चावला, स्कूल स्टाफ और विद्यार्थी उपस्थित रहे। यह हम सबके लिए गर्व की बात है कि सदियों के इतिहास के बाद आखिरकार श्री राम अपने निवास स्थान पर आ गए हैं। हमने सदियों तक जो धैर्य दिखाया है, और जो बलिदान दिखाया उसके बाद भगवान राम आ गए हैं। सभी ने मिलकर पूजा अर्चना की व श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा पर आरती गाई गई । हवन के अंत में हलवा व मीठे चावलों का प्रसाद वितरण किया गया। प्रधानाचार्या जी ने अंत में सभी मैनेजमेंट सदस्यों का धन्यवाद किया।



### भगवान श्रीराम के नारों गूंजायमान हुआ वातावरण

**करनाल।** हरियाणा व्यपार मंडल इकाई करनाल यूनिट की तरफ से आज नेहरू पैलेस मार्किट में भगवान श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की ख़ुशी में सभी व्यापारी भाइयो ने बड़ी गर्म जोशी के साथ भगवान राम के नारे लगाये और अपनी ख़ुशी जाहिर करते हुए एक दूजे को बधाई दी। हरियाणा व्यपार मंडल इकाई करनाल यूनिट के प्रधान कृष्ण लाल तनेजा ने अपने कार्यालय में सभी व्यापारियों का स्वागत किया और देश और प्रदेशवासियों को राम लला की बधाई दी। आज के कार्यक्रम में बाजार में खूब आतिशबाजी की गयी , ढोल नगाड़ो के साथ सभी व्यपारियो ने एक दूजे को लड्डू खिलाकर ख़ुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि हमारी आस्था के लिए आज बड़ा ही गौरव का दिन है। आज के इस मौके पर हरमीत सिंह हैप्पी जिला महासचिव, रवि चानना , विनोद खेतरपाल, परवीन गुप्ता, अमर नाथ गुप्ता , अशोक आहूजा , रमेश सचदेवा , सनी मग्गू, विकास टंडन, अनिल ठकराल, नरेंदर कत्याल, अशोक सचदेवा ,जितेंदर ढींगरा, हितेश परूथी ,महेश बठला, राजन, राजू , सोनू ,संजय पोपली, राजेश सिंधवानी, हंस राज कुमार, अश्वनी स्वामी , अमित कुमार , मनीष , ऋतिक, सुनील, नवीन गाँधी , हितेश अग्रवाल अमित चावला आदि रहे।

## प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में श्री सेवा सदन शिव मंदिर प्रेम नगर में दीपोत्सव मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

भारत विकास परिषद अभिमन्यु शाखा द्वारा श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में श्री सेवा सदन शिव मंदिर प्रेम नगर में दीपोत्सव मनाया गया। सैंकड़ों दीए जलाकर जय श्री राम लिखा गया। शाखा सदस्यों ने जय श्री राम के जोरदार जयकारे लगाते हुए श्री रामलला के अयोध्या मंदिर में विराजमान होने पर खुशियां जाहिर की। इस मौके पर शाखा अध्यक्ष सतीश मल्होत्रा ने कहा कि 500 वर्षों के बाद भगवान श्री राम अयोध्या में विराजमान हुए हैं। राम भक्तों में जश्न का माहौल है। देश के साथ-विदेशों में भी भगवान श्री राम के आगमन की खुशिंयां मनाई जा रही हैं। हमें संकल्प लेना चाहिए कि श्री राम के जीवन आदर्शों से प्रेरणा लेकर अपने जीवन को साकार करेंगे। सुरेंद्र आहूजा ने भजन गाकर भगवान श्री राम की महिमा का बखान किया। इस अवसर पर सचिव तृप्ता सांदल, उपाध्यक्ष हरीश चुघ, मनोहर कृष्ण डुडेजा,



सुरेंद्र अघी, मणिका चोपड़ा, शशि चुघ, पतंजलि योग समिति के जिला प्रधान दिनेश शर्मा, सुदेश गोंसाई, सुनीता डुडेजा, पूर्व अध्यक्ष कविता मल्होत्रा, मणिका चोपड़ा, अशोक बजाज, वैशाली अरोड़ा, भरत, प. नारायण, राजेश, सेवादार बुध विलास व मदन मोहन शर्मा मौजूद रहे।

## आने वाला समय तकनीक से जुड़कर आगे बढ़ने का: गुप्ता

- राजकीय महिला महाविद्यालय में विकसित भारत यात्रा के दौरान बताईं सरकारी योजनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

रेलवे रोड स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में विकसित भारत यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में नगर निगम की महापौर रेनू बाला गुप्ता ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और अपने संबोधन में कहा कि आने वाला समय तकनीक से जुड़कर आगे बढ़ने का है। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से भारत 2047 तक भारत विश्व गुरु बन चुका होगा। भारत सबसे ताकतवर देश के रूप में उभर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कुशल नेतृत्व में देश विकसित



राष्ट्र बनेगा। इसका समय तय किया गया है। यह पहला कुशल प्रधानमंत्री है जिन्होंने समय तय करके भारत को विकसित बनाने का संकल्प लिया है।उन्होंने विभिन्न विभागों की ओर से लगाये गये स्टॉल्स का अवलोकन किया और योजनाओं का लाभ उठाने के लिये पहुंचे ग्रामीणों से बातचीत की। इससे पहले प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का संदेश सुनाया गया। हरियाणा के विकास पर लघु फिल्म दिखाई गई। इस मौके पर भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर 13 लोगों की पेंशन, 3 पात्र महिलाओं को उज्ज्वला योजना के तहत मुफ्त गैस कनैक्शन तथा 2 आयुष्मान कार्ड बनाए गए। इसी प्रकार वार्ड नम्बर 7 के अर्जुन गेट स्थित सेवा समिति में पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर कृष्ण गर्ग ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।



इंद्री। राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला में नेताजी की जयंती मनाते हुए।

### नेताजी सुभाष चंद्र बोस को जयंती पर किया नमन

**इंद्री।** राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला नन्हेड़ा में स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य मास्टर धर्मराज गांधी की अध्यक्षता तथा सुनील सिवाच की देखरेख में नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। जयंती के अवसर बच्चों से बातचीत करते हुए मास्टर धर्मराज गांधी ने कहा स्वतंत्रता सेनानियों की बदौलत हम खुली हवा में सांस ले पा रहे हैं। उन्होंने कहा की अंग्रेजों के अत्याचार से मुक्ति दिलाने के लिए सुभाष चंद्र बोस ने आजाद हिन्द फौज का गठन करके जनता को जागृत किया और अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी। उन्होंने कहा कि वर्तमान पीढ़ी को स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन से सबक लेकर अपने देश की समस्याओं से लडने की प्रेरणा लेनी चाहिए। इस मौके पर स्कूल मुखिया महिंद्र कुमार ने बच्चों से जय हिन्द के नारे लगवाये। मास्टर उधम सिंह कांबोज ने सुभाष चंद्र बोस द्वारा किए गए आह्वान -तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हे आजादी दूंगा, के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सभी बच्चों व अध्यापकों ने जयंती कार्यक्रम में सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया।

## श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

अयोध्या में भगवान श्रीरामलला प्राण-प्रतिष्ठा होते ही महिलाएं रामभक्ति में झूम उठी। शहर के डेयरी मोहल्ला वार्ड नंबर-11 और 12 में भजन संकीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने न केवल धार्मिक गीत गाए बल्कि धार्मिक भजनों पर झूमती नजर आई और भगवान जय श्री राम के जयकारों से डेयरी मोहल्ला गूंज उठा। वार्ड की महिलाओं ने रामलला की खुशी में घर-घर दीप जलाए और एकजुट होकर खुशियां सांझी की। भजन संकीर्तन देर रात तक चलता रहा। सुंदर झांकियां भी कलाकारों ने प्रस्तुत किए जिससे



शहर के डेयरी मोहल्ला में सुंदर झांकी का दृश्य एवं उपस्थिति।

पूरा माहौल राममय होता नजर आया। यहां अयोध्या का लाईव प्रसारण भी दिखाया गया। राम लला की प्राण प्रतिष्ठा होते ही सैंकड़ों की संख्या में महिलाएं रामभक्ति में झूम उठी और भजन भी गाए गए। इस अवसर पर सुषमा रानी, सोनिया, कौशल्या देवी, संयोगिता गुप्ता, रेनू, डिम्पी सलूजा, सुरेश गाबा, विनय गर्ग, सुमित गर्ग, कमल, जोनी सचदेवा, मोनी सचदेवा, गौरव गोगिया, नवीन पोपली, मोहित

### कांग्रेस चुनाव के लिए पूरी तरह तैयारः भुप्पी

**घरौंडा।** कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह भुप्पी नें कहा कि कांग्रेस की जन संदेश यात्रा 24 जनवरी को सांय चार बजे नई अनाज मंडी के सामुदायिक केंद्र में पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि यात्रा का मुख्य उदेश्य पार्टी को मजबूत करना व सरकार की गलत नीतियों को जन -जन तक पहुंचाने का काम कर रही है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि भारी संख्या में पहुंच कर यात्रा का स्वागत करें। कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह लाठर मंगलवार को अपने प्रतिष्ठान पर पत्रकारों से बातचीत कर रही है। यात्रा का नेतृत्व कर रही पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी शैलजा, कांग्रेस नेत्री किरण चौधरी, कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला सहित अन्य नेता 24 जनवरी को घरौंडा पहुंचेगे।

## नौ सालों का विकास बताएं सीएम : त्रिलोचन सिंह

- कांग्रेस नेता ने प्रदेश सरकार को विकास के नाम पर घेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल जिला कांग्रेस के संयोजक त्रिलोचन सिंह ने कहा कि पिछले नौ सालों में करनाल में कौन से प्रोजेक्ट पूरे किए गए और कौन से विकास कार्य करवाए इस पर सीएम मनोहर लाल स्पष्टीकरण जारी करें। मुख्यमंत्री करनाल की जनता के प्रति अपनी जवाबदेही तय करें। सीएम अपने विधानसभा क्षेत्र का विकास भी नहीं कर सके, ऐसे मुख्यमंत्री से हरियाणा की जनता



क्या उम्मीद रखेगी। त्रिलोचन सिंह ने कहा कि शहर में अधिकतर सडक़ों की हालत खस्ता है। ई-शौचालय बंद पड़े हैं। ई-रिक्शा चार्जिंग केंद्र जंगली घास में तबदील हो गया है। स्मार्ट सिटी के नाम पर कई हजार करोड़ रुपए का घोटाला हुआ है। अगर पैसे का सदुपयोग होता तो करनाल के हालात इतने बदत्तर नहीं होते। उन्होंने कहा कि सीएम के ड्रीम प्रोजेक्ट फेल हुए हैं, जो कुछ पूंजपीतियों की जेबें भरने के मकसद से शुरू किए गए थे।

## जनसंदेश यात्रा के स्वागत पर मंथन

- कांग्रेस जनसंदेश यात्रा का घरौंडा विधानसभा में होगा जोरदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

युवा कांग्रेस नेता भूपिंद्र लाठर (भुप्पी) ने कहा कि वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं कुमारी शैलजा, रणदीप सुरजेवाला व किरण चौधरी की अगुवाई में हरियाणा में निकाली जा रही कांग्रेस जनसंदेश यात्रा का घरौंडा विधानसभा क्षेत्र में जोरदार स्वागत किया जाएगा। यात्रा 24 जनवरी को घरौंडा पहुंचेगी, जहां शाम चार बजे कम्युनिटी सेंटर में सभा का आयोजन किया जाएगा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ-साथ घरौंडावासियों में यात्रा को लेकर भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जन संदेश यात्रा जन



आंदोलन का रूप ले चुकी है। भाजपा-जजपा की गठबंधन सरकार से दुखी जनता कांग्रेस की सरकार हरियाणा में बनाना चाहती है। नीलकंठ स्टार ढाबा पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए भूपिंद्र लाठर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी एकजुट है। कांग्रेस ही दुनिया की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी है तथा सबसे मजबूत संगठन है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि धार्मिक कार्यों में राजनीति नहीं करनी चाहिए। इस अवसर पर नजीम मुंडोगढ़ी, बलराम रावल कोहंड, रविंद्र रावल, संजीव गोस्वामी उंचा समाना, जितेंद्र नेहरा हसनपुर, कुलदीप गब्बर, जसबीर खेड़ा, दिनेश गांधी, साहिल, सुरेंद्र कल्याण, उमर चौधरी, राजेश शर्मा, कृष्ण दहिया व नरिंद्र शर्मा मौजूद रहे।

### मोदी ने देश को दलालों से निजात दिलाई, गरीबों को दिया हक

## गांव दाहा व कम्बोपुरा में पहुची यात्रा का हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गांव दाहा व कम्बोपुरा में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि अब हर समस्या का समाधान होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को दलालों से निजात दिलाई हैं। दलालों ने गरीबों की कमर तोड़कर रख दी थी। गांव कम्बोपुरा में मेयर रेनू बाला गुप्ता ने बतौर विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत की। उन्होंने कहा कि भारत ही दुनिया में शांति की स्थापना कर सकता है। जी 20 जैसे सफल आयोजन ने दुनिया को भारत की ताकत का अहसास



करा दिया। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि जो कार्य जन संवाद में आए हैं, उन पर काम जरूर होगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने देश की जनता से जो वायदा किया था पूरा किया है। आज देश में योजनाओं का हर वर्ग के लोगों को लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम में उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का अवलोकन किया व अधिकारियों तथा कर्मचारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया भारत की तरफ देख रही है। मोदी सरकार पारदर्शिता के तहत कार्य कर रही हैं। मोदी सरकार ने किसानों की फसल का उचित दाम दिया है। वर्तमान में किसानों को 14 फसलों पर एमएसपी दिया जा रहा है। हर वर्ग को सरकार की हर योजना का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज मंडी में किसानों को फसल का दोगुना से ज्यादा भाव दिया जा रहा है। सही मायने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को विकास की ऊंचाइयों पर पहुंचाने में बड़ी भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ लेने के लिए ग्रामीण सरल पोर्टल पर जाकर सरकार की योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। महापौर रेनू बाला गुप्ता ने उपस्थित ग्रामीणों को वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की संकल्प शपथ दिलाई। इस अवसर पर गांव दाहा में पार्षद प्रतिनिधि राजेंद्र सिरसी, घरौंडा मंडलाध्यक्ष सुभाष कश्यप, बूथ अध्यक्ष मंजीत सिंह, सोहन लाल, शैलेंद्र सिंह, सचदेव, बाल सिंह, माम चंद, अतिरिक्त कार्यकारी अभियंता सतीश शर्मा व नरेश त्यागी तथा कम्बोपुरा में जिला सचिव मंजू खैंची, राजेश जोगी महामंत्री, देवेंद्र शर्मा आदि रहे।

## खबर संक्षेप

### शादी की नीयत से लड़की को लेकर फरार

**पानीपत।** पानीपत की एक कॉलोनी से 15 साल की लड़की को अंकित निवासी गांव अवाना आलमपुर करारी कौशांबी शादी की नीयत से बहला-फुसला कर भगा ले गया। इधर, लडकी की माता की शिकायत पर पुराना औद्योगिक थाना पुलिस ने अंकित पर केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### संकल्प यात्रा कार्यक्रम में देश सेवा की शपथ दिलवाई

**पानीपत।** पानीपत के वार्ड 23 में मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें भाजपा नेता विनोद छौक्कर ने बतौर मुख्यअतिथि उपस्थित जनसमूह को संकल्प शपथ दिवाई। इस मौके पर विशिष्ठ अतिथि के तौर पर चांद भाटिया भी उपस्थित रहे। भाजपा नेता विनोद छौक्कर ने कहा कि सरकार प्रत्येक वर्ग के हितों को पूरा करने के लिए संकल्पबद्ध है।

### आईबी कॉलेज में नेताजी को श्रद्धांजलि दी

**पानीपत।** आईबी कॉलेज में संस्कारशाला क्लब, एनसीसी और एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 127 वीं जयंती को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग, स्टाफ मेंबर्स एवं विद्यार्थियों ने सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा को नमन किया। इस अवसर पर डॉ निधान सिंह, डॉ विक्रम कुमार, प्रो पवन कुमार, प्रो अजय पाल सिंह, डॉ नरवीर, प्रो नीतू भाटिया, राम मेहर, दीपक, गणेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

### श्री रघुनाथ धाम में भजन संध्या का आयोजन

**पानीपत।** हुडा सेक्टर 25 स्थित दशहरा कमेटी सनौली रोड द्वारा संचालित श्री रघुनाथ धाम में अयोध्या के श्री राम मन्दिर सेमें भगवान रामलला की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में आनंदमय दिवाली महोत्सव मनाया गया। जिसमें संकीर्तन भजन गायक रवि आहुजा ने भजन गाकर उपस्थित भक्तजनों को श्रद्धा भक्ति से भाव विभोर कर दिया। इस अवसर प्रधान रमेश माटा, पुरुषोत्तम शर्मा, तिलक राज छाबड़ा, गजेंद्र सलूजा, चिमन सेठी, कैलाश लूथरा, किशोर अरोड़ा आदि उपस्थित रहे।

### आर्य समाज हुडा में एक शाम श्रीराम के नाम

**पानीपत।** आर्य समाज हुडा में एक शाम प्रभु श्री राम के नाम के अन्तर्गत सर्व धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सभी धर्मों के लोगों ने भाग लिया। सर्वप्रथम सभी ने यज्ञ में आहूति दी। जिसके बाद सभी धर्मों के बुद्धिजीवीओं ने संगोष्ठी में अपने-अपने विचार सांझा किए और बताया कि प्रभु श्री राम सभी के हैं।

### पावटी में भव्य कलश यात्रा निकाली

**पानीपत।** अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में गांव पावटी में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर दीपक नंबरदार, जयपाल शर्मा, अनीश कौशिक पत्रकार, मयंक मित्र, विपिन मित्तल, अमित कुमार, मुकेश शर्मा, मनीष कुमार, विकास शर्मा, विशाल शर्मा, अंकित वर्मा, मोंटी वर्मा, रिंकू शर्मा, अंकित शर्मा, करण वर्मा, साहिल व रोहित सहित समस्त ग्रामीण मौजूद रहे।

### निर्धनों को गैस किट बांटी

**पानीपत।** विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें भाजपा नेता विनोद छौक्कर ने बतौर मुख्यअतिथि उपस्थित जनसमूह को संकल्प शपथ दिवाई। वहीं विशिष्ठ अतिथि के तौर पर सांसद पुत्र चांद भाटिया उपस्थित रहे। भाजपा नेता विनोद छौक्कर व चांद भाटिया ने उज्जवला योजना की लाभार्थी को निःशुल्क गैस किट भी प्रदान की।

### नेताजी की श्रद्धापूर्वक मनाई जयंती

**यमुनानगर।** गुरु नानक खालसा कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय कैडेट कौर और रोटरेक्ट क्लब के तत्वावधान में मंगलवार को कॉलेज में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई।

---

नेताजी के 127वें जन्म एवं पराक्रम दिवस को श्रद्धा और आदर भाव के साथ मनाया

# नेताजी की तरह हिम्मती, निडर अनुशासक बनें विद्यार्थी: गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों द्वारा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के 127वें जन्म एवं पराक्रम दिवस को श्रद्धा और आदर भाव के साथ मनाया। इस अवसर पर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने नेताजी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए। वहीं, कॉलेज के प्रधान दिनेश गोयल अपने संदेश में कहा कि भारत सुभाष चंद्र बोस की हिम्मत और अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई में उनके अमूल्य योगदान के कर्ज को हम कभी नहीं उतार सकते है। उन्होंने विद्यार्थियों से नेताजी सुभाष चंद्र बोस की तरह बहादुर बनकर जनता की सेवा करने करने की अपील की। प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने ने नेताजी के त्यागी व बलिदानी जीवन की जानकारी देते हुए कहा कि देश को आजादी दिलाने में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के योगदान को कभी नहीं भूलाया जा सकता है। युवाओं को नेताजी के पदचिह्नों पर चलकर देश सेवा में अपना योगदान करना चाहिए। आजाद हिंद फौज को छोड़कर विश्व-इतिहास में ऐसा कोई भी दृष्टांत नहीं मिलता है जहां तीस-पैंतीस हजार युद्धबंदियों ने संगठित होकर अपने ही देश की आजादी के लिए एक प्रबल संघर्ष छेड़ा हो। इसका श्रेय भी नेताजी को ही जाता है।



पानीपत। एसडी कॉलेज में भारत रत्न सुभाष बोस को श्रद्धांजलि देते हुए प्राचार्य डॉ अनुपम व विद्यार्थीगण। फोटो : हरिभूमि



### सुभाष बोस के सपनों का भारत बनाएं विद्यार्थी: डॉ गुप्ता

*पानीपत। आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मंगलवार को एनएसएस एस इकाई के तत्वावधान में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के उपलक्ष्य में पराक्रम दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत एन.एस.एस गीत गाकर की गई। इस अवसर पर छात्र संजीव और छात्रा किरण ने भाषण और कविताओं के माध्यम से नेताजी के जीवन के बारे मे बताया। प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना का संचार होता है। महान स्वतंत्रता सेनानी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस का भारत के स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान रहा।*

## विलक्षण व्यक्तित्व के मालिक थे नेताजी: आर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

मां के अनमोल रत्न महान स्वतंत्रता सेनानी भारत रत्न नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 126 वीं जयंती को पराक्रम दिवस के रूप मे आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल परिसर में पूरी श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। वही हिंदुस्तान स्काउट गाइड ने दोजरों से पहले ध्वज को सलामी दी। जबकि श्रद्धांजलि कार्यक्रम में स्कूल के प्रधान रणदीप आर्य ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस विलक्षण व्यक्तित्व के मालिक थे, उन्होंने आईसीएस की नौकरी छोड कर देश की आजादी के आंदोलन में भाग लिया। उन्होंने कहा कि सुभाष बोस व उसके सहयोगियों और अन्य क्रांतिकारियों की बदौलत ही भारत आजाद हुआ था। तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा नारा सुभाष चंद्र बोस ने दिया था दिल्ली चलो का नारा भी सुभाष चंद्र बोस ने दिया था और सुभाष ने विदेश में जाकर आजाद हिंद फौज का गठन किया था। प्रिंसिपल सत्यवान मलिक ने सभी का धन्यवाद करते हुए विद्यालय के छात्रों को कहा कि आप भी सुभाष चंद्र बोस की तरह तीव्र बुद्धिमान बने अच्छी शिक्षा प्राप्त करें और अपने जीवन में सभी महापुरुषों क्रांतिकारी बलिदानों की तरह अपने देश के प्रति समर्पित रहे। इस अवसर पर जगदीश चहल ने मंच संचालन किया सभी अध्यापक एवं अध्यापिकाएं स्काउट एंड गाइड की टुकड़ी उपस्थिति रही।



पानीपत। आर्य बाल भारती स्कूल में प्रधान रणदीप आर्य के साथ मेधावी विद्यार्थी।



पानीपत। उज्ज्वला योजना के तहत पात्रों को गैस किट बांटते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट। फोटो : हरिभूमि

## उज्ज्वला का हर पात्र को मिल रहा है लाभ: भट्ट

- सरकार गरीब आदमी को हर तरह की सुविधा उपलब्ध कराने की प्रति शुरू से ही गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

विकसित भारत संकल्प यात्रा मंगलवार को पानीपत के वार्ड 17 में पहुंची। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि लोगों को संबोधित करते हुए बीजेपी के जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि वर्तमान सरकार अंतिम और गरीब व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए ऐतिहासिक फैसले ले रही है। देश में कोई भी गांव या वार्ड नहीं बचा जहां बिजली, पानी व गैस का कनेक्शन उपलब्ध नहीं कराया गया हो। सरकार गरीब आदमी को हर तरह की सुविधा उपलब्ध कराने की प्रति शुरू से ही गंभीर है। उन्होंने कहा कि सभी योजनाएं का लाभ नागरिकों को दिया जा रहा है। विकसित भारत यात्रा के तहत भारत को दुनिया में खड़ा किया जा रहा है लोगों की हर समस्या का समाधान किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बड़ी सोच के साथ इस संकल्प यात्रा को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री उज्वला योजना के लाभार्थियों को निशुल्क गैस किट प्रदान की।

### तहसील कैंप में शोभायात्रा निकाली

*पानीपत। पानीपत के तहसील कैंप में रामलला प्राण प्रतिष्ठा पर एक शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। शोभा यात्रा बरसत रोड चुंगी से आरंभ होकर दुर्गा मंदिर तहसील कैंप में संपन हुई। शोभयात्रा में कमल गंभीर, राजेश बत्रा, तहसील मंडल के प्रधान हरीश कटारिया, उप प्रधान पंकज खुरसीजा, सचिव सतीश मेहता, बाबूराम मित्तल, कमल नयन वर्मा, चिमन गुलाटी आदि उपस्थित रहे।*

## विश्व गुरु बनने की ओर है भारत: ढांडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत की मोतीराम कॉलोनी स्थित श्री शिव खाटू श्याम मंदिर के प्रांगण में अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में दीपोत्सव एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसका आयोजन श्री शिव श्याम सेवा सभा के प्रधान ईशम कुमार पांचाल द्वारा किया गया। जिसमें मनोज पांचाल एंड पार्टी ने भजनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को झूमने के लिए मजबूर किया। भजन संध्या में मुख्य अतिथि के रूप में पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विधायक महीपाल ढांडा के बड़े भाई हरपाल ढांडा रहे। जिनका फूल माला डालकर आयोजकों ने जोरदार स्वागत किया। भजन संध्या में भारी संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया। मनोज पांचाल द्वारा दी गई प्रस्तुति जो राम को लाए हैं हम उनको लायेंगे, अवध में विराजे राम, आएंगे राम आएंगे के भजनों पर श्रद्धालु जमकर झूमे। मुख्य अतिथि हरपाल ढांडा ने कहा कि 500 साल बाद भगवान श्री राम अपने मंदिर में विराजे हैं। यह हम सब सनातन धर्म के लोगों के लिए गर्व की बात है।



भजन संध्या में हरपाल ढांडा का स्वागत करते हुए ईशम पांचाल, बिजेंद्र पांचाल आदि।

## देश, समाज, मानवता के लिए नशे की लत घातक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा उच्चाधिकारियों के दिशानिर्देशों से प्रतिदिन हरियाणा के विभिन्न संस्थानों में जाकर नशे के विरुद्ध प्रचार प्रसार में जुटे हुए हैं। वही राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव उग्रा खेडी में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय 55 वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य महीपाल राणा की उपस्थिति में डॉ वर्मा ने कहा कि आज संपूर्ण भारत राम नाम की एकता के सूत्र में बंधा है। सभी धर्मों के लोग मिलकर आपसी प्रेम और भाई चारे के साथ एक बहुत ही सुंदर वातावरण के निर्माण में सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा नशा मुक्त हो भारत मेरा, ऐसी सोच बनानी है। नशे में ग्रस्त हो रही युवा पीढ़ी, मिलकर सबको बचानी है। वहीं किसी भी शिक्षण संस्थान के 100 मीटर के क्षेत्र में तंबाकू उत्पाद बेच रहे दुकानदारों को चेतावनी देकर कहा कि भविष्य में नियमों की अवहेलना पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



पानीपत। राजकीय स्कूल में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सब इंस्पेक्टर डॉ अशोक वर्मा।

## नपा कर्मचारियों का मांगों को लेकर प्रदर्शन जारी

- मंगलवार को भी नपा कर्मचारियों ने ठिठूरती ठंड में उल्टा झाड़ू करके किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा(संबंधित सर्व कर्मचारी संघ) जगाधरी जोन के नपा कर्मचारियों का समान काम समान वेतन समेत अन्य मांगो को लेकर निगम कार्यालय के समक्ष चल रहा प्रदर्शन मंगलवार को भी जारी रहा। इस दौरान उन्होंने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने मांगे जल्द पूरी नहीं किए जाने पर बड़ा आंदोलन शुरु करने की चेतावनी दी। मंगलवार सुबह नगर पालिका कर्मचारी संघ जगाधरी जोन के सैंकड़ो नपा कर्मचारी रोज की तरह प्रधान विक्की पारचा व सचिव प्रिंस के नेतृत्व में निगम कार्यालय के समक्ष एकत्र हो गए और प्रदर्शन करने लगे। उन्होंने ठिठूरती ठंड में कई घंटे तक प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। मौके पर प्रधान विक्की पारचा व उप प्रधान श्रीचंद ने कहा कि नपा कर्मचारी अपनी मांगो को लेकर पिछले कई दिन से इस ठिठूरती ठंड में प्रदर्शन कर रहे हैं। मगर उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल व स्थानीय प्रशासन के बीच समान काम समान वेतन को लेकर कई बार बात हो चुकी है। मगर स्थानीय प्रशासन हर बार झूठे वादे करता है। जिससे कर्मचारियों में भारी रोष है। जिससे मजबूर होकर संघ ने आंदोलन करने का फैसला लिया है। उन्होंने बताया उनकी मुख्य मांगे समान काम समान वेतन के तहत भुगतान किए जाने, ठेका प्रथा बंद किए जाने, बेगार प्रथा बंद किए जाने आदि समेत अन्य मांगे हैं। उनकी सरकार और स्थानीय प्रशासन से सभी मांगे जल्द पूरी किए जाने की मांग है। यदि उनकी मांगे जल्द पूरी नहीं की गई तो नपा कर्मचारी उल्टा झाड़ू प्रदर्शन, जुलूस, पुतले दहन समेत क्रमिक अनशन करने के लिए मजबूर होंगे। जिसकी जिम्मेवारी सरकार और प्रशासन की होगी। इस अवसर पर कर्मचारी नेता सोनू शर्मा, राजन, मुकेश, गौरव, पवन व राजेंद्र आदि ने भी कर्मचारियों को संबोधित किया।




यमुनानगर। नगर पालिका कर्मचारी संघ के सदस्य अपनी मांगो को लेकर निगम कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करते हुए।

### पूर्वांचल समाज ने शोभा यात्रा निकाली

पानीपत। अयोध्या में श्री राम प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पूर्वांचल समन्वय परिवार के सदस्यों ने जाटल रोड पर सांई राम हॉस्पिटल से भव्य शोभायात्रा निकाली। जिसमें राम परिवार की सुन्दर झांकी भी शामिल की गई थी। श्री राम शोभा यात्रा में हजारों की संख्या में बच्चे, महिलाओं और लोगों ने भाग लिया। यह शोभा यात्रा जाटल रोड से श्री राम शरणम राम लाल चौक, असंध रोड, बालाजी हॉस्पिटल, मुखीजा कॉलोनी होते अपने स्थल पर पहुंची।

### बोस को श्रद्धांजलि दी

**पानीपत।** भगत सिंह स्मारक सभागार में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 127वीं जयंती पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी ने अध्यक्षता सीपीआई के वरिष्ठ नेता का.हरपाल सिंह सींक ने की और सीपीआई के जिला सचिव पवन कुमार सैनी ने संचालन किया। इस अवसर पर प्रदीप जिंदल, भूपेंद्र कश्यप, सतीश यादव, महेंद्र सिंह, धर्मबीर रावल, देवेंद्र कुमार, सन्नोवर राणा, ओम प्रकाश तंवर, जुनेब राणा आदि ने नेताजी को याद किया।

### कन्या के विवाह में सहयोग किया

पानीपत। महादेव जागरण मंडल द्वारा दिल्ली के एक गरीब परिवार को कन्या की शादी में सहयोग किया गया। जिसमें एक अलमारी, एक बेड, एक गद्दा, प्रेस,चादर, चुटकी, पाजेब व पेंट शर्ट इत्यादि समान का सहयोग किया गया। सहयोग देने वालों में मंडल प्रधान अनिल बंसल, सुनील त्यागी, विनोद पाराशर, मुकेश पांचाल, साहिल बंसल शामिल रहे।

### पानीपत में गणतंत्र दिवस समारोह भव्य होगा

**पानीपत।** गणतंत्र दिवस समारोह को भव्य रूप से मनाने के दृष्टिदगत उपायुक्त वीरेन्द्र कुमार दहिया और पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने संयुक्त रूप से विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों के साथ स्थानीय शिवाजी स्टेडियम का दौरा कर अवलोकन किया और निर्देश दिए कि शिवाजी स्टेडियम में सभी कमियों को दुरूस्त किया जाए। इसमें होने वाली बेरिकेडिंग और अन्य सभी दिशानिदेर्शों की पालना की जाए।

गौरतलब है कि गणतंत्र दिवस समारोह में महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय बतौर मुख्यअतिथि राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। इस मौके पर एएसपी मयंक मिश्रा, अतिरिक्त उपायुक्त वीना हुड्डा, सीटीएम राजेश सोनी मौजूद रहे।

**न्यायालय तहसीलदार कम-सब- रजिस्ट्रार पानीपत।**

इन्द्र मोहन पुत्र स्व. श्री घनश्याम दास निवासी मकान नं. 471-आर, माडल टाउन तहसील व जिला पानीपत व आदि

बनाम

जनरल पब्लिक

हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि इन्द्र मोहन पुत्र स्व. श्री घनश्याम दास निवासी मकान नं. 471-आर, माडल टाउन तहसील व जिला पानीपत आदि ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतु पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि स्व. श्री घनश्याम दास पुत्र श्री नवनीत राम की मृत्यु दिनांक 11.10.2004 को हो चुकी है। और मृतक स्व. श्री घनश्याम दास पुत्र श्री नवनीत राम के निम्न वारिस/उत्तराधिकारी हैं:-

1. प्रेम मोहन आहूजा (पुत्र) 2. सुभाष चन्द (पुत्र) 3. इन्द्र मोहन (पुत्र) 4. सुशील कुमार (पुत्र) ही जायज वारिस हैं मृतक की पत्नी स्व. श्रीमति कृष्णा आहूजा पत्नी धनश्याम दास का देहान्त दिनांक 15.03.2008 को हो गया है मृतक की माता स्व. श्रीमति रामदेवी का देहान्त अरसा पहले हो चुका है।

इसके इलावा मृतक स्व. श्री घनश्याम दास पुत्र श्री नवनीत राम का अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है। कि उपरोक्त मृतक स्व. श्री घनश्याम दास पुत्र श्री नवनीत राम के बताये गये वारिस उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर अन्दर कार्यालय में कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 23/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/-तहसीलदार-कम सब रजिस्ट्रार, पानीपत

कार्यक्रम | श्री सनातन धर्म मंदिर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह

# श्रद्धालुओं ने निकाली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के मॉडल टाउन स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर के मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पांचवें दिन मंगलवार को विशाल भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस भव्य और अनुपम शोभा यात्रा में सभी स्वरूपों को नगर भ्रमण कराया गया, वही यात्रा में शामिल आकर्षक झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। शोभायात्रा में सबसे आगे हनुमान स्वरूप प्रभु श्री राम के भजनों पर झूमते हुए चल रहे थे। उसके बाद महिला श्रद्धालु डीजे और ढोल की थाप पर थिरकती हुई यात्रा की शोभा बढ़ा रही थी। इसके साथ ही राजस्थानी ग्रुप ने भी अपनी बेहद आकर्षक प्रस्तुति दी, जिसे लोगों ने खूब सराहा। यात्रा में शामिल भगवान श्री राम के मंदिर का स्वरूप भी लोगों के मन को खूब भाया। श्री अवध धाम मंदिर के परम अध्यक्ष दाऊजी महाराज और पंडित राधे-राधे जी महाराज ने रथ पर विराजमान होकर शोभायात्रा की अगुवाई की। श्री सनातन धर्म मंदिर मॉडल टाउन के प्रधान तरुण गांधी ने बताया कि बुधवार को साज श्रृंगार के बाद मंदिर में सभी मूर्तियां पूरे विधि-विधान और मंत्रोउच्चारण के साथ स्थापित की जाएगी। वही मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह के कार्यक्रम की श्रृंखला में मंदिर में रोजाना बनारस से आए हुए विद्वानों द्वारा यज्ञ किया जाता है। जबकि शाम को बनारस की महा आरती भी हो रही है।



पानीपत। श्री सनातन धर्म मंदिर मॉडल टाउन के श्रद्धालु शोभायात्रा में नृत्य करते हुए।

### युवक ने घर में घुसकर किए चार राउंड फायर

यमुनानगर। गांव अलाहर डेरा सैनी बांस में रंजिश के चलते सुखविंद्र ने अपने साथियों के साथ मिलकर एक घर में घुसकर जान से मारने की नियत से चार राउंड फायर किए। इससे पहले आरोपी युवक ने बाप-बेटे पर गंडासी से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। गांव अलाहर डेरा सैनी बांस निवासी दिलबाग सिंह ने बताया कि उसने दो साल पहले आरोपी सुखबीर के खेत से 15 फीट जगह छोड़कर पापुलर के पेड़ लगाए थे। सोमवार को आरोपी अपने साथियों के साथ उनके खेत में आया। जहां पर उसका पिता मेहर सिंह व भाई दिलवार सिंह काम कर रहे थे। इस दौरान आरोपी उनके पेड़ काटने की धमकी देने लगा। जब उसके पिता व भाई ने आरोपी को ऐसा करने से रोका तो आरोपी ने उन पर गंडासी से हमला कर दिया। वह अपने घर गया तो आरोपी अपने साथियों के साथ हाथ में पिस्टल लेकर उनके घर पर आ गया। आरोपी ने चार राउंड फायर किए।

## खबर संक्षेप



### दिव्या भारती महाराज 51 दिन की तपस्या में लीन

**मुलाना।** शिव धाम गौरी ताल मंदिर में श्री श्री 1008 दिव्या भारती महाराज 51 दिन की तपस्या में लीन है। इस दौरान मंदिर में प्रतिदिन हवन यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह हवन यज्ञ 4 मार्च तक होगा। अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा होने की खुशी में श्री श्री 1008 दिव्या भारती महाराज के आदेशानुसार सत्संग का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में पुरुषों व महिलाओं ने भाग लिया।



### गुरु गोबिंद सिंह के बलिदान के बारे में बताया

**नारायणगढ़।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आईक्यूएसी प्रकोष्ठ के अधीन पंजाबी विभाग द्वारा गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में एक दिवसीय महाविद्यालय स्तरीय भाषण तथा कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान प्राचार्या भूपिंदर धीमान ने बच्चों को गुरु साहिबान के जीवन और बलिदान को याद कराते हुए कहा की गुरु साहिबान के जीवन से हमें अपने जीवन में प्रेरणा लेनी चाहिए।

### ठगी में आरोपी जमानत पर रिहा

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी हरमन को शामिल जांच कर जमानत पर रिहा कर दिया है। चरणजीत सिंह ने 30 अक्तूबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी हरमन ने उसे फ्रीज खाते के चेक देकर उससे एक बड़ी रकम हडपने की धोखाधड़ी करने का अपराधिक कार्य किया है। तब पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### चोरी के मामले में तीन गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नग्गल में दर्ज एसीएसआर कंडक्टर चोरी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी दीपू, संदीप व चरनजीत सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी दीपू व संदीप को एक दिन के रिमांड पर लिया है। बिजली निगम के एसडीओ ने 20 जनवरी को शिकायत दर्ज करवाई थी कि किसी ने गांव जनसुई के खेत में लगे एसीएसआर कंडक्टर चोरी कर लिए है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### चोरी के मामले में आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना नारायणगढ क्षेत्र में चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी लखविंद्र सिंह को गिरफ्तार किया है। गदौली के सतीश कुमार ने 22 जनवरी 2024 को 2024 को आरोपी लखविंद्र सिंह ने गदौली से गैस सिलैंडर चोरी कर लिए हैं।

## डीसी ने अधिकारियों को तमाम तैयारियां पूरी करने के दिए निर्देश

# पुलिस लाइन में होगी फुल ड्रेस रिहर्सल समारोह में शिक्षा मंत्री होंगे मुख्यातिथि

### गणतंत्र दिवस समारोह में अधिकारी व कर्मचारी अपने परिवार सहित इस कार्यक्रम का हिस्सा बनें: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उपायुक्त डॉ. शालीन ने बताया कि 26 जनवरी को जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में शिक्षा मंत्री कंवरपाल ध्वजारोहण करेंगे। समारोह के दृष्टिगत उन्होंने अधिकारियों को सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को भी डीसी की ओर से प्रशासनिक अधिकारियों को समारोह को लेकर जरुरी निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन पुलिस लाइन मैदान में किया जाएगा। उन्होंने सभी अधिकारियों को तमाम व्यवस्थाएं समय पर करने के आदेश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह में अधिकारी व कर्मचारी अपने परिवार सहित इस कार्यक्रम का हिस्सा बनें। समारोह में शामिल होना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि समारोह में जिन विभागों की झांकियों की हिस्सेदारी होनी हैं वे भी समारोह स्थल पर समय रहते पंहुचे। कार्यक्रम लेकर उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को समारोह स्थल के साथ अन्य जगहों पर सफाई व्यवस्था करने के आदेश दिए। पुलिस विभाग ट्रैफिक एवं सुरक्षा व्यवस्था करेगा। स्वास्थ्य विभाग को समारोह स्थल के पास एंबुलेंस की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। बिजली निगम व जनस्वास्थ्य विभाग भी समारोह के दौरान जरुरी व्यवस्थाएं करेंगे। उपायुक्त बोले 24 जनवरी को पुलिस लाइन मैदान में फुलड्रेस रिहर्सल का आयोजन किया जाएगा।



अंबाला। अधिकारियों को जरुरी निर्देश देते डीसी डॉ. शालीन।

**ये रहे मौजूद**

मौके पर एडीसी अपराजिता, एएसपी दीपक कुमार, एसडीएम दर्शन कुमार, नगराधीश विश्वजीत सिंह, आरटीए सुशील कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार, डीएफओ पवन शर्मा, जीएम रोडवेज अश्वनी कुमार, डीआईपीआरओ धर्मेंद्र शर्मा, डीडीपीओ दिनेश शर्मा, डॉ. संजीव सिंगला के साथ-साथ अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

### गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर हुई रिहर्सल, मार्च पास्ट में पुलिस के जवानों ने लिया हिस्सा



नारायणगढ़। मार्च पास्ट का अभ्यास करते पुलिस के जवान।

**नारायणगढ़।** उपमंडल स्तर पर मंगलवार को अनाज मंडी में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह के कार्यक्रमों की रिहर्सल नायब तहसीलदार संजीव अत्री की देख-रेख में संपन्न हुई। मार्च पास्ट एवं परेड की रिहर्सल सब इंस्पेक्टर अशोक कुमार के नेतृत्व में की गई। इसमें हरियाणा पुलिस, राजकीय मॉडल संस्कृति सीनीयर सैकेंडरी स्कूल का नेतृत्व हरदीप सिंह ने किया जबकि राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल पतरेहड़ी का नेतृत्व सावन, पीएम श्री राजकीय कन्या सीनियर सैकेंडरी स्कूल का नेतृत्व रूबी, राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल जटवाड़ का नेतृत्व दुष्यंत, डीएवी सीनियर सैकेंडरी पब्लिक स्कूल का नेतृत्व रिजक, पैरामाउंट स्कूल अकबरपुर का नेतृत्व कुनाल, राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल शहजादपुर की एनसीसी की टुकडी का नेतृत्व गोपाल द्वारा किया गया। मार्च पास्ट/परेड की रिर्हसल मुख्याध्यापक सुरेंद्र धीमान के मार्गदर्शन में की गई।सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रिर्हसल में डीएवी स्कूल, एसडी स्कूल, राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल जटवाड़, सनराईज स्कूल बनौंदी, प्राइम स्टेप स्कूल शहजादपुर, मां भगवती निकेतन स्कूल शहजादपुर, पीएम श्री राजकीय कन्या सीनियर सैकेंडरी स्कूल ने भाग लिया। रिहर्सल में एसडी स्कूल के बच्चों ने डंबल की तथा रणभूमि अकादमी के बच्चों ने मार्शल आर्ट का बेहतरीन प्रदर्शन किया। रिहर्सल के समापन अवसर पर राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने राष्ट्र गान की प्रस्तुति दी। रिहर्सल में देश भक्ति, हरिणावी, पंजाबी संस्कृति पर आधारित कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। फाइनल रिहर्सल 24 जनवरी को प्रातः 9 बजे अनाज मंडी में की जाएगी।



अंबाला। लखनौर साहिब में ग्रामीणों को संबोधित करते हरबीर महल।

## चुनावी घोषणाओं को पूरा करने में नाकाम हुई सरकार: महल

- प्रदेश में चुनाव के लिए कांग्रेस पूरी तरह तैयार
- कोई भी वर्ग इस गठबंधन सरकार से खुश नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट व किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष हरबीर सिंह महल ने अंबाला शहर विधानसभा के गांव लखनौर साहिब का दौरा किया। हरबीर महल ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि बीजेपी-जेजेपी जनता की उम्मीदों और अपने चुनावी घोषणा पत्र को लागू करने में पूरी तरह विफल साबित हुई हैं। यही वजह है कि आज कोई भी वर्ग इस गठबंधन सरकार से खुश नहीं है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में चुनाव के लिए कांग्रेस पूरी तरह तैयार है। कांग्रेस सदन से लेकर सड़क तक जनता की आवाज उठा रही है। लेकिन बीजेपी-जेजेपी सत्ता सुख भोगने में लगी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आने वाली सरकार कांग्रेस की होगी और कांग्रेस अपने घोषणा पत्र में किए गए हर एक वादे को पूरा करेगी। जबकि बीजेपी-जेजेपी ने चुनावी घोषणाओं के नाम पर सिर्फ जनता के साथ धोखा किया है। बुजुर्गों को 5100 पेंशन, 75% नौकरियों में आरक्षण, एमएसपी की गारंटी, किसानों की डबल आय, हर परिवार को पक्का मकान देने जैसे तमाम वादे झूठ साबित हुए। कांग्रेस कार्यकाल के दौरान चलाई गई कल्याणकारी योजनाओं को भी इस सरकार ने बंद कर दिया। गरीबों को 100 गज के मुफ्त प्लॉट, गरीब परिवारों के बच्चों को वजीफा और राशन डिपो से हर परिवार को 35 किलो अनाज, दाल, चीनी व नमक देने की योजनाओं को बंद कर दिया गया है। इसके चलते आम जनता को परेशान होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अब जनता चुनावों में मौजूदा सरकार से वोट की चोट से बदला लेने का काम करेगी।

## 100 परिवारों को मिला एक माह का राशन

- सीनियर डिप्टी मेयर मीना ढींगरा की ओर से आयोजित हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अयोध्या में श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होने पर अंबाला शहर वार्ड नंबर 8 में सीनियर डिप्टी मेयर मीना ढींगरा व उनके पति सुंदर ढींगरा द्वारा 100 से ऊपर परिवारों को राशन वितरित किया गया।

सुंदर ढीगरा ने बताया कि उनके द्वारा पिछले कई वर्षों से लगातार जरूरतमंद परिवारों को राशन वितरित किया जा रहा है। इसमें पूरे एक महीने की राशन किट तैयार की गई है ताकि जरूरतमंद लोगों के परिवार के घर का एक महीने का गुजारा चल सके। ढींगरा ने कहा कि 40 दिन का चालीसा पाठ किया जा रहा है जिसका समापन 26 जनवरी को किया होगा। उनकी सोच है निस्वार्थ सेवाभाव से जरूरतमंद लोगों के सहयोग करना चाहिए। वे इस कार्य को लगातार करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाज सेवा से अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलती है। जरूरतमंदों की सेवा में सभी को मिलजुलकर प्रयास करने चाहिए। महावीर सत्संग सभा के पदाधिकारियों द्वारा भी सहयोग किया गया। जिसमें चाय, प्रसाद व हलवा वितरित किया गया



अंबाला। समर्थकों के दौरान भाजपा नेता सुंदर ढींगरा व अन्य।

## 200 का स्वास्थ्य जांचा, 20 को मिली कार्ड की सुविधा

- विकसित भारत संकल्प जन संवाद यात्रा का ग्रामीणों ने किया जोरदार अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

विकसित भारत संकल्प जन संवाद यात्रा मंगलवार को बराड़ा पहुंची। यहां पहुंचने पर ग्रामीणों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश बतौरा ने की। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजबीर भी विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। उन्होंने यहां पर लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया तथा लोगों को सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ भी दिलवाई गई। पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश बतौरा ने कहा कि पांच सौ सालों बाद अयोध्या नगरी में रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं। पूरा भारत राममय हो रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार में योग्य पात्रों को योजनाओं का लाभ लोगों को सुगमता से उपलब्ध करवाया जा रहा है। हमारी सरकार योग्य पात्रों के घर-द्वार पर पंहुचकर योजनाओं का लाभ दे रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस संकल्प यात्रा में जनसंवाद कार्यक्रम को जोडक़र प्रदेश में पिछले नौ साल में हुए विकास कार्यों एवं योजनाओं को भी इसमें शामिल किया है। पूर्व विधायक राजबीर बराड़ा ने कहा कि यात्रा को निकाले जाने का मुख्य उद्देश्य भी यहीं है कि लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं बारे जानकारी मिल सकें। यदि किसी कारणवश कोई योग्य पात्र योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह गया हैं उसे योजनाओं बारे मार्गदर्शन करते हुए उसे योजना का लाभ दिलवाना हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से आयोजित कार्यक्रमों में विभिन्न विभागों के स्टॉलों के माध्यम से आमजन को योजनाओं की जानकारी दी जा रही हैं। जन संवाद यात्रा के दौरान लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में 200 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस दौरान 20 आयुष्मान कार्ड, 2 उज्जवला कनेक्शन, 15 लोगों को पेंशन तथा 15 लोगों के परिवार पहचान पत्र की त्रुटियां ठीक की गई। तथा 2 लाभार्थियों को पीएम स्वनिधि योजना के तहत ऋण स्वीकृत किए गए।




बराड़ा। कार्यक्रम में लाभार्थियों को गैस कनेक्शन बांटते हुए पूर्व विधायक।



मुलाना। यात्रा के दौरान लोगों को आयुष्मान व पेंशन संबंधी कार्ड देते विधायक।

## प्रदेश के अढ़ाई करोड़ लोगों के पास आयुष्मान कार्ड का सुरक्षा कवच

**अंबाला।** शहर के विधायक असीम गोयल नन्यौला ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की गांरटी वाली गाड़ी एक संकल्प के साथ पूरे देश में निकली जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प लिया है, उस संकल्प को पूरा करने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी पूर्ण आहुति डालनी होगी। विधायक मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बलदेवनगर में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि पहुंचे थे। गोयल ने इस मौके पर उपस्थित सभी को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलवाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी वाली गाड़ी बलदेवनगर में पहुंची है। उन्होंने कहा कि सीएम मनोहर लाल का नाम गारंटी के नाते लोगों के मन में एक विश्वास जगा है।

## बाबर ने राम जन्मभूमि को तोड़कर किया था अपमान, हमने लिया बदला: विज

- गृहमंत्री अनिल विज ने नेता जी सुभाषचंद्र बोझ की प्रतिमा पर अर्पित किए फूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि 500 साल पहले बाबर ने राम जन्मभूमि को तोड़कर हमारा अपमान किया था। हमने उसका बदला ले लिया है। उन्होंने कहा कि कल पूरे देश के लोगों में पूरा जोश था और विजय दिवस था। उन्होंने देखा कि जैसे दिवाली मनाते है लोगों ने उससे भी ज्यादा जोश से प्राण-प्रतिष्ठा दिवस को मनाया गया। हर भारतीय के मन में इसे लेकर उत्साह था और अब हमने बदला ले लिया है। विज मंगलवार को सुभाष पार्क में सुभाष चंद्र बोस जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के उपरांत मीडिया कर्मियों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने हका कि कल पूरा विपक्ष भी राम रंग में रंगा नजर आया। तीखी प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि अब चाहे विपक्ष सुबह-शाम राम की पूजा करे लेकिन स्वागत समारोह को ठुकराकर उन्होंने अपनी औकात दिखा दी। उन्होंने कहा कि अब तो विपक्ष सिर्फ डैमेज कंट्रोल कर रहा है। विज ने नेता जी को पुष्प अर्पित किए।



अंबाला। नेता जी सुभाष चंद बोस की प्रतिमा पर फूल अर्पित करते गृहमंत्री।

## मैकाले की शिक्षा नीति में भारतीय भाषाओं और साहित्य को वाजिब स्थान नहीं मिला

- भारतीय ज्ञान परंपरा विश्व में सर्वश्रेष्ठ : डॉ. मंगल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

छावनी के गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में मंगलवार से उच्चतर शिक्षा निदेशालय पोषित सात दिवसीय शॉर्ट टर्म कोर्स का शुभारंभ हुआ। कॉलेज प्राध्यापकों के लिए आयोजित इस शॉर्ट टर्म कोर्स का विषय भारतीय ज्ञान परंपरा है। उद्घाटन सत्र में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर डॉ. लालचंद मंगल गुप्त ने विभिन्न कॉलेजों से आए प्रतिभागी प्राध्यापकों को संबोधित किया। डॉ मंगल ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा विश्व में सर्वश्रेष्ठ है। यजुर्वेद विश्व में ज्ञान का सबसे प्राचीन भंडार है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के मध्यम से प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा को फिर से स्थापित किया जा रहा है। मैकाले की शिक्षा नीति में भारतीय भाषाओं व साहित्य को वाजिब स्थान नहीं मिला। इसी कारण इतिहास लेखन भी एकतरफा हुआ। भारतीय ज्ञान स्त्रोतों का फायदा उठा कर पाश्चात्य देशों ने तरक्की कर ली लेकिन हमारे ही देश में इनका वह महत्व नहीं आंका गया। इससे पहले कार्यवाहक प्रिंसिपल डॉ. देशराज बाजवा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। कोर्स कोर्डिनेटर डॉ. अतुल यादव इस कोर्स की।रूपरेखा पेश की। डॉ. बलजिंदर कौर धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया। डॉ. तंजूम कांबोज ने मंच संचालन किया।

### नेता जी सुभाष चंद्र बोस के जीवन से प्रेरणा लें छात्र

**अंबाला।** अंबाला शहर के डीएवी कॉलेज (लाहौर) में मंगलवार को नेता जी सुभाष चंद्र बोस की 128 वीं जयंती (पराक्रम दिवस) पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह आयोजन इतिहास विभाग द्वारा करवाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर राजीव महाजन ने विद्यार्थियों को सुभाष चंद्र बोस के जीवन से सीख लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. चांद सिंह ने नेता जी सुभाष चंद्र बोस के जीवन, विचार एवं राष्ट्र के लिए किए गए कार्यों का विस्तृत उल्लेख किया एवं साथ ही आजाद हिंद फौज द्वारा दिए गए बलिदानों का भी वर्णन किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता ने नेता जी के विचारों की प्रासंगिकता पर जोर दिया एवं उन विचारों को विद्यार्थियों द्वारा अपनाने का आह्वान किया। इसी कड़ी में हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. रेखा शर्मा ने क्रांतिकारियों पर स्वरचित कविता प्रस्तुत की। डॉ. विजेंद्र सिंह ने भी विद्यार्थियों से अपने विचार सांझा किए। मंच संचालन प्रोफेसर सुभाष चंद्र शर्मा ने किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681005

## नेता जी का पूरा जीवन देश सेवा को समर्पित रहा: बिलमा

# देश की आजादी में नेता जी सुभाषचंद्र बोस का अहम योगदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

नेता जी सुभाष चंद्र बोस के जन्मदिवस के अवसर पर मुलाना में नेता जी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर लोगों ने पुष्प अर्पित किए। इस दौरान ग्राम सरपंच प्रवीन कुमार ,समाज सेवी नरेंद्र बिलमा, ब्लॉक समिति बराड़ा के चेयरमैन रवि शेर सहित अनेक लोग वहां मौजूद रहे। इस मौके पर पहले नेता जी की प्रतिमा को स्नान कराया गया और चौक की सफाई की गई। समाज सेवी नरेंद्र बिलमा ने कहा कि नेता जी का पूरा जीवन देश सेवा को समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि देश को स्वतंत्र कराने के लिए उन्होंने महत्वपूर्ण योगदान दिया। सुभाष चंद्र बोस, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के एक महत्वपूर्ण नेता थे। बोस ने नेताजी के उपनाम से मशहूर होने का कारण बनाया। उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय सेना की स्थापना की और अपने प्रयासों से आजादी के लिए संघर्ष किया।



मुलाना। नेता जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते लोग।



मुलाना। नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते सदस्य।

### बोस को लोगों ने श्रद्धांजलि

**नारायणगढ़।** मंगलवार को नेताजी चौक पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नेताजी क्लब के सदस्यों सहित अनेकों गणमान्य व्यक्तियों ने नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी। तत्पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर नेताजी क्लब के प्रधान राकेश अग्रवाल, श्याम लाल कंसल, सुनील अग्रवाल, सुनील बक्शी, पवन कुमार, विजय अग्रवाल, आशु गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### निबंध लेखन में मुस्कान ने मारी बाजी



बराड़ा। प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थी स्टाफ के साथ।

**बराड़ा।** महाराणा प्रताप नेशनल महाविद्यालय में मंगलवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का विषय " नेताजी सुभाष चंद्र बोस का भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में योगदान" रहा। इस प्रतियोगिता में 45 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिनमें मुस्कान, बंटी और नवनीत ने पहले तीन स्थानों पर कब्जा जमाया। इन सभी विद्यार्थियों को प्राचार्या डॉ राजश्री खरे द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन इतिहास विभाग के सहायक प्रोफेसर सोनू द्वारा किया गया।